Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 29

**S–123–Science(D & D) (Supp.)**

No. of Printed Pages – 15

# माध्यमिक (मूक–बधिर) पूरक परीक्षा, 2024
# SECONDARY (D & D) SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2024

## विज्ञान
## (SCIENCE)

समय : 4 घण्टे 15 मिनिट

पूर्णांक : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

**GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।
Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।
All the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।
Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।
For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

Tear Here

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

यहाँ से काटिए

**बहुचयनात्मक प्रश्न –**

**Multiple choice question**

**1)** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही क्रमाक्षर का चयन कर कोष्ठक में लिखें ।** **[15 × 1 = 15]**

**Write the answer of the questions in answer book by selecting the correct option.**

i) **निम्नलिखित समीकरण है :–** **[1]**

$H_2 + Cl_2 \rightarrow 2HCl$

अ) एक अपघटन अभिक्रिया

ब) एक संयोजन अभिक्रिया

स) एक द्वि–विस्थापन अभिक्रिया

द) एक विस्थापन अभिक्रिया

Following is the equation :-

$H_2 + Cl_2 \rightarrow 2HCl$

A) A decomposition reaction

B) A combination reaction

C) A double displacement reaction

D) A displacement reaction

ii) **उदासीन विलयन का** pH **मान होता है –** **[1]**

अ) 6

ब) 7

स) 8

द) 14

The pH value of a neutral solution is -

A) 6

B) 7

C) 8

D) 14

iii) **लोहा व इस्पात को जंग से सुरक्षित रखने के लिए उन पर किस धातु की पतली परत चढ़ाई जाती है?** **[1]**

**अ)** **तांबा**

**ब)** **चांदी**

**स)** **सोना**

**द)** **जिंक (जस्ते)**

Which thin layer of metal is coated to protecting steel and iron from rusting?

A) Copper

B) Silver

C) Gold

D) Zinc

iv) **सरलतम हाइड्रोकार्बन है–** **[1]**

**अ)** **मिथेन**

**ब)** **इथेन**

**स)** **प्रोपेन**

**द)** **ब्यूटेन**

Simplest hydrocarbon is-

A) Methane

B) Ethane

C) Propane

D) Butane

v) **मनुष्य में वृक्क एक तंत्र का भाग है, जो संबंधित है–** **[1]**

**अ) पोषण**

**ब) श्वसन**

**स) उत्सर्जन**

**द) परिवहन**

The kidney in human beings are a part of the system for -

A) nutrition

B) respiration

C) excretion

D) transportation

vi) **प्रकाश संश्लेषी अंगक है–** **[1]**

**अ) पत्ती**

**ब) हरित लवक**

**स) क्यूटिकल**

**द) माइटोकोन्ड्रियाँ**

Photosynthesis organelle is-

A) Leaf

B) Chloroplast

C) Cuticle

D) Mitochondria

vii) निम्नलिखित में से कौनसा पादप हार्मोन हैं? **[1]**

अ) इंसुलिन

ब) थायरॉक्सिन

स) एस्ट्रोजन

द) साइटोकाइनिन

Which of the following is a plant hormone?

A) Insulin

B) Thyroxin

C) Oestrogen

D) Cytokinin

viii) परागकोश में होते हैं– **[1]**

अ) बाह्यदल

ब) अंडाशय

स) अंडप

द) परागकण

The anther contains

A) sepals

B) ovules

C) pistil

D) pollen grains

ix) मनुष्य में कितने जोड़े गुणसुत्र पाये जाते हैं? **[1]**

अ) 26

ब) 14

स) 23

द) 18

How many pairs of chromosomes are found in the human?

A) 26

B) 14

C) 23

D) 18

x) प्रकाश का वेग–न्यूनतम होता है– **[1]**

अ) निर्वात में

ब) जल में

स) वायु में

द) कांच में

The speed of light is minimum.

A) In a vacuum

B) In a water

C) In a air

D) In a glass

xi) **अभिनेत्र लेंस की फोकस दूरी में परिवर्तन लिया जाता है–** **[1]**

**अ)** **पुतली द्वारा**

**ब)** **दृष्टिपटल द्वारा**

**स)** **पक्ष्माभी पेशियो द्वारा**

**द)** **परितारिका द्वारा**

The change in focal length of an eye lens is caused by the action of the.

A) Pupil

B) Retina

C) Ciliary muscles

D) Iris

xii) **विद्युत धारा का मात्रक है–** **[1]**

**अ)** **वाट** (W)

**ब)** **वोल्ट** (V)

**स)** **ओम** (Ω)

**द)** **ऐम्पियर** (A)

The unit of electric current is -

A) Watt (W)

B) Volt (V)

C) Ohm (Ω)

D) Ampere (A)

xiii) **लघुपथन के समय परिपथ में विद्युत धारा का मान–** **[1]**

**अ)** **बहुत कम हो जाता है**

**ब)** **परिवर्तित नहीं होता**

**स)** **बहुत अधिक बढ़ जाता है**

**द)** **निरंतर परिवर्तित होता है**

At the time of short circuit, the value of electric current in the circuit.

A) reduces substantially

B) does not change

C) increase heavily

D) vary continuously

xiv) **मृत शरीर को पचाने वाले जीवों को कहते हैं–** **[1]**

**अ)** **उत्पादक**

**ब)** **अपघटक जीव**

**स)** **स्वपोषी**

**द)** **परपोषी**

The living beings who digest the dead body are called.

A) Producer

B) Decomposer organism

C) Autotroph

D) Heterotroph

xv) निम्नलिखित में से कौनसे समूहो में केवल जैव निम्नीकरणीय पदार्थ हैं– **[1]**

अ) घास, पुष्प तथा चमड़ा

ब) घास, लकड़ी तथा प्लास्टिक

स) फलों के छिलके, केक एवं नींबू का रस

द) केक, लकड़ी एवं घास

Which of the following groups contains only biodegradable substance.

A) Grass, Flowers and Leather

B) Grass, Wood and Plastic

C) Fruit-Peels, Cake and Lime-Juice

D) Cake, Wood and Grass

**2)** प्रश्न संख्या (i से v) तक रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – **[5 × 1 = 5]**

**Fill in the blanks in question numbers upto (i to v) -**

i) संतुलित रासायनिक समीकरण में अभिकारकों तथा उत्पादों में विभिन्न तत्वो के परमाणुओं की संख्या .......... होती है। (समान/असमान) **[1]**

In a balanced chemical equation, the number of atoms of different elements of the reactants and products are ______. (equal/unequal)

ii) मनुष्य की आहारनाल का प्रथम अंग ........ है। (आमाशय/मुख) **[1]**

The first part of the human alimentary canal is the ______. (Stomach/mouth)

iii) अग्नाशय से ...... स्रावित होता है। (इन्सुलिन/ऐस्ट्रोजन) **[1]**

_______ is secreted from the pancreas. (Insulin/Oestrogen)

iv) विद्युत धारा मापने की युक्ति को .......... कहते हैं। (वोल्टमीटर/अमीटर) **[1]**

The device that measuring the electric current is called _______ (Voltmeter/Ammeter)

v) जन्तु, पौधे तथा सूक्ष्मजीव वातावरण के ................ घटक हैं। (जैविक/अजैविक) **[1]**

Animals, plants and microorganisms are ___________ components of environment. (Biotic/Abiotic)

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए –** **[10 × 1 = 10]**

Answer the following questions in one line-

**3)** वसायुक्त अथवा तैलीय खादय सामग्री को लंबे समय तक रखने पर पैकिंग थैली को कौनसी गैस से युक्त किया जाता है? **[1]**

Which gas is stored in the packing bag when fatty and oily food items are stored for a long time?

**4)** $CaOCl_2$ यौगिक का प्रचलित नाम लिखिए। **[1]**

Write the popular name of compound $CaOCl_2$.

**5)** ऐसी धातु का उदाहरण दीजिए जो कमरे के ताप पर द्रव अवस्था में होती हैं? **[1]**

Give an example of metal which is in the liquid state at the room temperature.

6) मछली का मुख्य श्वसन अंग है? [1]

The main respiratory organ of fish is ?

7) मस्तिष्क का कौनसा भाग शरीर की स्थिति तथा संतुलन का अनुरक्षण करता है? [1]

Which part of the brain is responsible for maintaining the posture and balance of the body.

8) फूल का कौन सा भाग फल में बदलता है? [1]

Which part of the flower turns into fruit?

9) साइड मिरर के रूप में कौन सा दर्पण प्रयुक्त होता है? [1]

Which type of mirror is used as the side - view.

10) मानव नेत्र में प्रतिबिम्ब कहाँ बनता है? [1]

Where is the image formed in the human eye?

11) पादपों में भोजन का स्थानान्तरण किसके द्वारा होता है? [1]

In plants food is transferred by which?

12) पर्यावरण मुख्य रूप से कितने घटकों का बना होता है? [1]

Environment is mainly made up of how many components?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर शब्द सीमा अधिकतम 30 शब्द है । **[7 × 2 = 14]**

The word limit for answers to the following questions is maximum 30 words :

**13)** उदासीनीकरण अभिक्रिया को परिभाषित कीजिए । **[2]**

Define neutralisation reaction.

**14)** लोहे को जंग से बचाने के लिए दो तरीके बताइए । **[1 + 1 = 2]**

State two ways to prevent the rusting of iron.

**15)** कार्बन के दो गुणधर्म लिखिए । **[1 + 1 = 2]**

Write two properties of carbon.

**16)** परागण के विभिन्न प्रकार लिखिए । **[1 + 1 = 2]**

Write different types of pollination.

**17)** DNA का पूरा नाम लिखिए । **[2]**

Write full name of DNA.

**18)** ओम का नियम लिखिए । **[2]**

Write Ohm's law.

**19)** पोषीस्तर क्या है? एक आहार श्रृंखला का उदाहरण दीजिए । **[2]**

What is trophic level? Give one example of food chain.

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर शब्द सीमा अधिकतम** 50 **शब्द है ।** **[8 × 3 = 24]**

The word limit for answers to the following questions is maximum 50 words :

**20)** i) **दैनिक जीवन में** pH **का कोई एक महत्व लिखिए ।**

ii) **अम्ल के दो रासायनिक गुण लिखिए ।**

**[1 + 2 = 3]**

i) Write any one importance of pH in everyday life.

ii) Write two chemical properties of acid

**21)** **मिश्रधातु किसे कहते हैं? दो उदाहरण लिखिए ।** **[1 + 2 = 3]**

What is called alloy? Wirte two examples.

**22)** **हमारे शरीर में ग्राही का क्या कार्य है? ग्राही के नाम लिखो ।** **[3]**

What is the function of receptors in our body? Write the name of receptors.

**23)** i) **निषेचन को परिभाषित कीजिए ।**

ii) **पुष्प की अनुदैर्ध्य काट का नामांकित चित्र बनाइए ।**

**[1 + 2 = 3]**

i) Define Fertilisation.

ii) Draw a labellead diagram of the longitudinal section of a flower.

**24)** **लक्षण प्रारूप (फीनोटाइप) किसे कहते हैं?** **[3]**

What is called Phenotype?

**25)** **घरेलू विद्युत परिपथों में श्रेणीक्रम संयोजन का उपयोग क्यों नहीं किया जाता है?** **[3]**

Why is the series arrangement not used for domestic circuits?

**26)** **तारे क्यों टिमटिमाते हैं?** **[3]**

Why do stars is twinkle?

**27)** **हमारे द्वारा उत्पादित अजैव निम्नीकरणीय कचरे से कौन–सी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं?** **[3]**

What are the problems caused by the non-biodegradable wastes that we generate?

**निम्नलिखित प्रश्नों के विकल्प दिये गये है। उत्तर शब्द सीमा अधिकतम** 100 **शब्द है।** **[2 × 6 = 12]**

Options for the following questions are given. Answer word limit is maximum 100 words :

**28)** i) **भोजन के पाचन में लार की भूमिका समझाइए।**

ii) **मानव पाचन तंत्र का नामांकित चित्र बनाइए।**

**[3 + 3 = 6]**

i) Explain the role of saliva in the digestion of food.

ii) Draw a labelled diagram of human digestive system.

**अथवा**/OR

i) **वायवीय एवं अवायवीय श्वसन में अंतर समझाइए।**

ii) **गैसों के अधिकतम विनिमय के लिए कूपिकाएं किस प्रकार अभिकल्पित हैं?**

**[3 + 3 = 6]**

i) Explain the differences between aerobic and anaerobic respiration.

ii) How are the alveoli designed to maximize the exchange of gases?

**29)** i) साबुन की सफाई प्रक्रिया की क्रियाविधि समझाइए।

ii) कपड़ा साफ करने के लिए उसे रगड़ने की क्यों आवश्यकता होती हैं?

**[3 + 3 = 6]**

i) Explain the mechanism of the cleaning action of soap.

ii) Why is agitation necessary to get clean clothes?

अथवा/OR

i) समजातीय श्रेणी क्या है? उदाहरण के साथ समझाइए।

ii) कठोर जल को साबुन से उपचारित करने पर झाग के निर्माण को समझाइए।

**[3 + 3 = 6]**

i) What is an homologous series? Explain with an example.

ii) Explain the formation of scum when hard water is treated with soap.

OOOO

DO NOT WRITE ANYTHING HERE